मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे देवा आएँगे

मेरी झोंपड़ी के भाग आज खुल जाएँगे-गणपति
==============================
मेरी, झोंपड़ी के भाग, आज खुल जाएँगे,
देवा / गजानन आएँगे ॥
हो देवा, आएँगे आएँगे, देवा आएँगे ॥
मेरी, झोंपड़ी के भाग...

देवा, आएँगे तो, अँगना सजाऊँगी ।
दीप, जला के, दिवाली मैं मनाऊँगी ॥
हो मेरे, जन्मो के, सारे पाप, मिट जाएँगे,
गणपत आएँगे ।
मेरी, झोंपड़ी के भाग...

देवा, झूलेंगे तो, पालना झुलाऊँगी ।
मीठे, मीठे मैं तो, भजन सुनाऊँगी ॥
हो मेरी, जिंदगी के, सारे दुःख, मिट जाएँगे,
गणपत आएँगे ।
मेरी, झोंपड़ी के, भाग...

मैं तो, रूचि रूचि, भोग लगाऊँगी ।
मोदक, लड्डू, गणेश को खिलाऊँगी
हो प्यारी, प्यारी गौरा, महांदेव संग आएँगे,
गणपत आएँगे ।
मेरी, झोंपड़ी के, भाग...

मेरा, जनम, सफल हो जाएगा ।
तन झूमेगा और, मन गीत गाएगा ॥
हो देवा, सुंदर मेरी, किस्मत चमकाएँगे,
गणपत आएँगे ।
मेरी, झोंपड़ी के, भाग...
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33840/title/meri-jhopadi-ke-bhag-aaj-khul-jayenge-deva-aayenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |